-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 01.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- ❖ **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन चेकिंग का चलाया गया अभियान।**
- ❖ **चारपहिया वाहनों में लगी काली फिल्म को हटाया गया। साथ ही दो पहिया वाहनो पर बिना हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस व तीन सवारी बैठाकर वाहनों का प्रयोग करने वालो पर की गई कार्यवाही। अभियान के दौरान कुल 120 वाहनों से करीब 01 लाख 45 हजार का किया गया चालान।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात/सदर श्री सौरभ सिंह के पर्यवेक्षण में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने तथा सड़क सुरक्षा एवं आपराधिक/असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज दिनांक 01.06.2026 को यातायात पुलिस द्वारा बांदा शहर क्षेत्र में चारपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म (Black Film / Tinted Glass) के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें चारपहिया वाहनों मे अवैध रुप से लगी काली फिल्मों को हटवाया गया और वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। साथ ही भविष्य में किसी भी निजी या व्यावसायिक वाहनों पर मनमाने ढंग से काली फिल्म (Black Film /Tinted Glass) का प्रयोग न करने के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा बिना हेलमेट, सीट बेल्ट तथा दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी सघन चेकिंग अभियान चलाकर आवश्यक कार्रवाई की गई। साथ ही ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालान की कार्यवाही की गई। साथ ही साथ बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करें, जनपद में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें। अभियान के दौरान कुल 120 वाहनो से करीब 01 लाख 45 हजार का चालान करते हुई कड़ी चेतावनी दी गई।

टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री महेंद्र प्रताप सिंह
2. हे0कां0 यातायात पुलिस सर्वेश कुमार
3. हे0कां0 यातायात पुलिस जीरेंद्र पाल
4. कां0 यातायात पुलिस प्रशांत कुमार